# S.D. SARVHITKARI VIDYA MANDIR

**AFFILIATED TO CBSE, DELHI**

Senior Secondary

TALWARA TOWNSHIP, Hsp. (Pb.)

सर्वहितकारी

# सर्वहितकारी समाचार

**32 years**

e-mail : svmtalwara@yahoo.com
Pl. visit us : www.svmtalwara.org
Contact 01883-236298

संकलन कर्ता : साहित्य परिषद्

जनवरी से मार्च 2017


## प्रकृति, सौंदर्य, संगीत, परिवर्तन एवं बलिदान की ऋतु है वसन्त -प्रिं. शर्मा

*** सरस्वती पूजन से हुआ वसंत का आगाज**

**1 फरवरी 2017**

भारत प्राकृतिक शोभा सम्पन्न देश है यहाँ के त्योहार हमें समरसता का सन्देश देते हैं। प्रकृति के सौंदर्य, संगीत और परिवर्तन की ऋतु वसंत भी एक ऐसा पर्व है जो हमें माँ सरस्वती का स्मरण करवाता है। ज्ञान, कला और संगीत की देवी माँ सरस्वती हमें ज्ञान के दीपक से अन्तर्मन को प्रकाशित करने की राह दिखाती है इसी संदर्भ में वसंत पंचमी पर विद्यालय में माँ सरस्वती पूजन का आयोजन मुख्य यजमान राजीव भारद्वाज एवं उनकी धर्मपत्नी सुनन्दा द्वारा किया गया। प्रात: काल से ही स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष फूल अर्पित कर माँ की वन्दना की गई तथा प्रत्येक छात्र ने प्रसाद ग्रहण किया। नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा परिषद् की कन्वीनर ऊषा शर्मा की देख रेख में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की मातृभारती की अध्यक्षा रजनी देवी, बन्दना, सविता कुमारी, सरिता, रेणु बाला, राधिका तथा मातृ भारती आचार्य संयोजिका अंजू शर्मा, प्रबन्ध समिति सदस्य प्रिं. जे. आर. सोनी, श्री महेश चोपड़ा तथा प्रिं. देशराज शर्मा द्वारा विधिपूर्वक माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा वीर हकीकत के बलिदान पर नाटक पेश किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने धर्मपरायण वीर हकीकत के धर्म के प्रति दिए गए बलिदान का स्मरण किया। स्कूल के विद्यार्थियों में आरुशी, अनामिका, प्रतिभा, अंकित पठानिया व मोहित ने वसंत के महत्व पर प्रकाश डाला। शिशु वाटिका के विद्यार्थियों द्वारा पीले वस्त्र पहन कर ऋतुराज वसंत का स्वागत किया गया ।

## समर्पण दिवस मनाया

*** 2,72,239 रु की राशि भेजी**

**1 फरवरी 2017**

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान दिल्ली के द्वारा केवल नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में ही नहीं बल्कि गिरिकन्दराओं एवं झुग्गी-झोंपड़ियों में भी ज्ञान के दीपक प्रज्वलित किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु विद्यालय के आचार्य/दीदी, भैया/वहनों व अभिभावकों द्वारा अपने सामर्थ्य अनुसार समर्पण राशि इकट्ठी करके भेजी गई ताकि बनवासी, जनजाति व उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र तथा देश के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में संचालित संस्कार केन्द्रों के संचालन में अपनी आहुति डाल सकें। पंजाब की सीमा क्षेत्रों में शिक्षा कार्य को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय ने एक लाख व विद्यार्थियों ने 1,72,239 कुल 2,72,239 रु. का सहयोग किया

## पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने करवाया सेमिनार

*** कुदरत की बहुमूल्य देन हैं प्राकृतिक संसाधन**

**13 फरवरी 2017**

प्राकृतिक संसाधन हमारे लिए कुदरत की दी हुई सबसे बहुमूल्य देन हैं यह विचार प्राचार्य देश राज शर्मा ने व्यक्त करते हुए कहा कि पेट्रोल एवं गैस ऐसे संसाधन हैं जिनके कारण जीवन की गति बढ़ती है तथा समझदारी से प्रयोग करने पर बचत व पर्यावरण का संरक्षण भी होता है। प्रिं. शर्मा ने कहा कि हम स्वयं एवं अपने आस पड़ोस के लोगों को जागरूक करते हुए तेल, गैस तथा दैनिक जीवन में अत्यधिक उपयोगी जल व बिजली की बचत करें, और इसे अपनी जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनाएं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वाधान में पेट्रोलियम कंजर्वेशन रिसर्च एसोसिएशन की ओर से आए प्रशांत शर्मा ने रसोई गैस बचाने के छोटे छोटे टिप्स देते हुए कहा कि गैस प्रयोग के बाद गैस का रेगुलेटर बंद करना, खाना पकाते समय दाल, सब्जी में जरूरत अनुसार पानी डालना, गैस बर्नर की समय-समय पर सफाई, फ्रिज में से निकाली सामग्री को गैस पर रखने से पहले थोड़ी देर नार्मल तापमान हेतु बाहर रखना, प्रेशर कुकर में स्प्रेटर द्वारा दो सामग्रियों को एक साथ उबालना आदि से हम रोजाना 10 से 20 प्रतिशत गैस बचा सकते हैं। सेमिनार दौरान विद्यार्थियों को ''गैस बचत एवं सुरक्षा'' पर एक फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को ''गैस बचत एवं सुरक्षा'' से संबधित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता करवाई गई, प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले पहले पांच विद्यार्थियों को भारत गैस एजंसी के सतनाम सिंह तथा परमजीत कौर की ओर से सम्मानित किया गया।

**भारतीय नव वर्ष विक्रमी सम्वत् 2074 चैत्र मास शुक्ल प्रतिपदा तदानुसार 28 मार्च 2017 की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ**
**नव सत्र से सभी कक्षाएं दिनांक 3, अप्रैल 2017 से आरम्भ होंगी।**

## अंतर्राष्ट्रीय मातृ-भाषा दिवस

*** किसी भी भाषा को सीखने का आधार मातृ-भाषा-प्रिं शर्मा**

*** माँ, मातृभूमि व मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं।**

**21 फरवरी 2017**

माँ के मुख से सुनी भाषा के कारण ही मुनष्य ज्ञान प्राप्त करता है दुनियां की किसी भी भाषा को सीखने का आधार मातृ-भाषा ही है। मातृ-भाषा पर जितनी अधिक पकड़ होगी अन्य भाषाएँ उतनी ही सरलता से समझी जा सकती हैं यह विचार अंतर्राष्ट्रीय मातृ-भाषा दिवस पर प्रिं. देश राज शर्मा ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जापान, फ्रांस, जर्मनी, रूस,चीन आदि सभी विकसित देशों में बच्चे अपनी मातृ-भाषा में ही पढ़ाई करते हैं । उन्होंने दु:ख प्रकट करते हुए कहा कि भारत सहित सभी विकासशील देश अंग्रेजी या मिश्रित भाषा में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। युनेस्को द्वारा विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृ-भाषा दिवस मनाने का उद्देश्य भी यही है कि व्यक्ति अपनी मातृ-भाषा के पोषण, संबर्धन हेतु सभी कार्य मातृ-भाषा में करें। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को राजभाषा की मान्यता दी है। इन्हीं भारतीय भाषाओं में हमारा बहुत सारा सांस्कृतिक खजाना छुपा है। मातृ-भाषा को समर्पित दिवस पर बच्चों ने पंजाबी एवं हिन्दी में हस्ताक्षर करने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने संविधान में व्यक्त 22 भारतीय भाषाओं के प्रति भाव प्रकट करते हुए यहाँ 17 क्षेत्रीय भाषाओं में अपना नाम व देश का नाम लिखा वहीं तमिल, उड़िया, पंजाबी, बंगाली आदि 8 भाषाओं में गीत व कविताएं भी प्रस्तुत की। उच्च माध्यमिक विभाग से विद्यार्थियों में चंदना, सरू, आशीष व अंशु ने भारत में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मिडल विभाग से विनायक तथा गौरांग ने मराठी में गीत प्रस्तुत किए। समूह-गान में विद्यार्थियों ने राजस्थानी, संस्कृत व अंग्रेजी में अपनी प्रस्तुती पेश की। प्राइमरी विभाग से जहाँ चौथी के छात्र जग्नूर ने पंजाबी, पांचवीं के आर्यन ने कन्नड़ तथा शगुन ने बंगाली में अपना परिचय सुनाया वहीं जन्नत ने हिमाचली दीप्ती ने पंजाबी गीत तथा सिमरन ने रविंदर नाथ टैगोर की जीवनी प्रस्तुत की। प्राइमरी के छोटे-छोटे नन्हों ने 'भारत माँ तेरी शान की खातिर जान अपनी वारांगे' गीत प्रस्तुत कर लघु भारत के दर्शन करवाए।

**Facilities for students from New Session -2017-18**

* Online coaching for competitive exams
* Smart class facility will be provided through networking on students' smart phones.
* Free computer certificate course of six months for 11th & 12th class students approved by Govt. of India CCA-under ISO 9001-2008

## उत्साह पूर्वक मनाया गणतन्त्र दिवस

*** रंगारंग कार्यक्रमों ने बाँधा समाँ**

**26 जनवरी 2017**

भारत विश्व में एक ऐसा देश है जिसने समय समय पर पूरे विश्व को अँधेरे से उजाले की ओर का मार्ग दिखाया है यह विचार गणतन्त्र दिवस पर प्रिं. देशराज शर्मा ने व्यक्त किए।68वें गणतंत्र दिवस पर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम पर प्रिं. शर्मा ने कहा कि धरती पर रहने वाले प्रत्येक जीव के प्रति श्रद्धा व प्रेम की भावना रखना ही सही मायनों में भारत माता पूजन है। प्रिं. शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों, अध्यापकों व विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के दिन हम सभी माँ भारती के वास्तविक रूप को जानें तभी यह गणतन्त्रदिवस हमारे लिए भारत माता पूजन का महापर्व बन सकेगा। कार्यक्रम का आगाज एन.सी.सी. कैडिटों द्वारा शानदार मार्च पास्ट से हुआ। ध्वज को फहराने की रस्म विद्यालय की छात्र संसद प्रधानमन्त्री तरनजीत द्वारा अदा की गई। जिसके उपरान्त विद्यार्थियों द्वारा तिरंगे की वेशभूषा में 'कोटि कोटि कंठों ने गाया' गीत की प्रस्तुति ने सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। स्कूल के छात्र विनायक ने 'ऐ मेरे प्यारे वतन, ऐ मेरे बिछुड़े चमन' गीत प्रस्तुत कर अपने वतन के प्रति भक्ति व प्रेम का सन्देश दिया। प्राइमरी विभाग से छोटे-छोटे नन्हों की नृत्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम ने चार चाँद लगा दिए। प्रात:काल से पूरा विद्यालय गणतन्त्र दिवस के रंग में रंगा दिखाई दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वर्ष भर की गतिविधियों में अपना स्थान बनाने पर उनके अभिभावकों संग सम्मानित किया गया।

## श्री गुरु जी जयन्ति

**18 फरवरी 2017**

महापुरुषों के जीवन प्रति दृष्टिकोण, कार्यों और प्रसंगों से समाज को नई दिशा और मार्ग प्रश्स्त होता है जो अपने चरित्र के द्वारा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। ऐसे ही एक महापुरुष थे श्री गुरु जी- जिनका पूरा नाम माधवराव सदाशिव गोलवलकर था। जिन्होंने संघ के साथ जुड़कर सदैव लोक कल्याण और उत्थान के कार्यों में अपना सारा जीवन व्यतीत किया। उनकी पवित्र जयंति पर विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नवम् ख की बहन कविता ने उनकी जीवनी, और बहन अक्षिता नवम्-ग ने गुरु जी की शिक्षा एवं संघ के साथ उनका जुड़ाव के बारे विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख दीदी रूचि जी ने सभी विद्यार्थियों को उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में ग्रहण करने की प्रेरणा दी ।

## स्वामी विवेकानन्द को समर्पित युवा दिवस मनाया

*** भारतीय संस्कृति की सुगन्ध विदेशों में बिखेरने वाले इतिहास के प्रकाण्ड विद्वान थे स्वामी विवेकानन्द**

***12 जनवरी 2017***

व्यक्ति की पहचान उसके पहरावे से नहीं बल्कि उसके गुणों से होती है उक्त विचार राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रिं. देश राज शर्मा ने व्यक्त किए। एन.एस.एस. यूनिट द्वारा आयोजित कार्यक्रम दौरान प्रिं. शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक युवा सन्यासी के रूप में भारतीय संस्कृति की सुगन्ध विदेशों में विखेरने वाले साहित्य, दर्शन और इतिहास के प्रकाण्ड विद्वान थे ? स्वामी जी के जीवन का व्याख्यान करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द कहा करते थे - कि 'मैं तो गरीब हूँ और गरीबों का अनन्य भक्त हूँ। मैं तो सच्चा महात्मा उसे ही कहूँगा, जिसका हृदय गरीबों के लिए तड़पता है।' श्री शर्मा ने कहा कि दूसरों के लिए जीने वाला, दूसरे के दु:ख को अपना दु:ख समझने वाला संवेदनशील व्यक्ति ही सही मायनों में मानव कहलाता है ।उन्होंने कहा कि हमें ऐसे महान संतों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलना होगा। इस अवसर पर छात्रा रिधिमा तथा अक्षिता ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन से संबंधित घटनाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भारत एवं हिन्दू धर्म के गौरव को प्रथम बार विदेशों में जागृत करने वाले स्वामी जी का बचपन अनेकों दुखों व कठिनाइयों से गुजरा परन्तु इसके बाबजूद भी उन्होंने जीवन में कभी हार नहीं मानी। इसी लिए उन्हें आज पूरा विश्व स्मरण करता है। कार्यक्रम दौरान छात्र विनायक द्वारा गीत देश हमें देता है सब कुछ-हम भी तो कुछ देना सीखें प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को देश के प्रति सच्चे नागरिक बनने का सन्देश दिया ।

## अन्तर्सदनीय पुरस्कार वितरण समारोह

*** 432 विद्यार्थी हुए सम्मानित**

**23 मार्च 2017**

विद्यार्थियों में छिपी भीतरी प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए वर्ष भर विद्यालय की 27 परिषदों के माध्यम से कई प्रकार जैसे पोस्टर मेकिंग, चार्ट मेकिंग, सुलेख-कविता उच्चारण, पतंग मेकिंग, कवाड़ से जुगाड़, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला आदि कई प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। जिसमें शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की प्रतिभागिता रहती है। इसी के तहत अन्तर्सदनीय पुरस्कार वितरण समारोह दौरान विभिन्न गतिविघियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 432 भैया/बहनों के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

## तीन दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण

**24 से 26 मार्च 2017**

शिक्षण व प्रशिक्षण का एक मात्र उद्देश्य मनुष्य निर्माण है जीवन में अनुभवों की अहम् भूमिका रहती है। अनुभवी व्यक्ति जहाँ स्वयं कुशल व्यक्तित्व का स्वामी बनता है, वहीं अपने सहयोगियों का मार्गदर्शक भी कहलाता है इसी को आधार मानकर अध्यापिका इन्दु ठाकुर की देख रेख में तीन दिवसीय आचार्य/दीदियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।

## नवनियुक्त आचार्यों व प्रधानाचार्यों का प्रशिक्षण

**12 से 19 मार्च 2017**

बदलते वक्त के साथ अपने-आप को अपडेट करने, नए विचारों और नई तकनीक के साथ सांमजस्य बैठाने का सरल माध्यम है प्रशिक्षण। इसी उद्देश्य से सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब की ओर से नव प्रधानाचार्य, आचार्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन विद्यालय में किया गया। सात दिवसीय इस कार्यशाला का उद्घाटन श्री विजय नड्डा संगठन मन्त्री सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब ने किया । कार्यशाला में प्रिं. देशराज शर्मा, श्री हेम चन्द्र, राष्ट्रीय मंत्री विद्या भारती, श्री सुरेन्द्र अत्री, महामन्त्री विद्या भारती उत्तर क्षेत्र, श्री हर्ष जी, क्षेत्रीय उपेक्षित शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रमुख, श्री अशोक बब्बर, महामन्त्री सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब द्वारा - वन्दना महत्व एवं वातावरण , सर्वांगीण विकास की हमारी संकल्पना, हमारे आधारभूत विषय, हमारा प्रेरणास्रोत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विद्या भारती लक्ष्य, विद्यालय परिवार की संकल्पना, हमारा वैचारिक अधिष्ठान हिन्दुत्त्व, हमारी कार्यपद्धति, विद्या भारती के आयाम एवं विषय, प्रधानाचार्य प्रशासक के रूप में, विद्यालय विकास में प्रधानाचार्य की भूमिका, हमारे सामाजिक सरोकार आदि महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा व विस्तृत जानकारियां उपलब्ध करवाई गई ।

## मतदाता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

*** विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूक रैली से लोगों को किया जागरूक**

**15 से 22 जनवरी 2017**

किसी भी देश के विकास में उस देश के नागरिकों का विशेष योगदान रहता है परन्तु यह तभी संभव है जब सभी लोग अपने अधिकारों, कर्तव्यों के प्रति सचेत रहें। देश में शत-प्रतिशत मतदान हो इसके लिए स्कूल की एन.एस.एस. व एन.सी.सी. युनिट द्वारा मतदाता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। मतदान की अनिवार्यता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु कक्षा नवम् के 124 विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूक रैली निकाली। विद्यार्थियों द्वारा सैक्टर 3 व सैक्टर 2 में मतदाता जागरूक रैली दौरान रंग-बिरंगी तख्तियां पकड़, 'परिवर्तन हमारा नारा, 100% हो वोट हमारा', 'समझदार की पहचान करो, सभी मतदान करो', 'वोटर लिस्ट में नाम लिखवाएं-वोटर कार्ड सभी बनवाएं', 'छोड़ो अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान', 'लोकतंत्र का भाग्य विधाता-होता जागरूक मतदाता' नारे लगा कर लोगों को जागरूक किया गया। मतदाता जागरूक सप्ताहके अन्तर्गत डिवेट, पोस्टर मेकिंग, चार्ट मेकिंग, विचार गोष्ठियां आदि अनेकों कार्यक्रम करवाए गए। रैली में स्कूल के अध्यापकों में नरिन्द्र गौतम, अरविन्द कुमार, श्वेता शर्मा, अनुराधा, रेणुका तथा मोनिका भी शामिल रहे।

## मकर सक्राँति पर हवन यज्ञ का आयोजन

***समरसता का प्रतीक है सक्रान्ति पर्व - प्रिं. शर्मा**

**13 जनवरी 2017**

भारतीय पर्वों में मकर सक्राँति एक ऐसा पर्व है जिसको सूर्य की स्थिति के अनुसार मनाया जाता है उक्त विचार मकर सक्राँति पर आयोजित कार्यक्रम दौरान प्रिं. देशराज शर्मा ने व्यक्त किए। स्कूल की नैतिक एवं आध्यात्मिक परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रम दौरान प्रिं. शर्मा ने कहा कि सक्रांति का उत्सव प्रकृति का उत्सव है जिसमें सूर्य के संक्रमण के साथ-साथ जीवन का संक्रमण भी जुड़ा है उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी इस पर्व का विशेष महत्व रहता है शास्त्रों के अनुसार दक्षिणायण को देवताओं की रात्रि अर्थात नकारात्मकता का प्रतीक तथा उत्तरायण को देवताओं का दिन अर्थात सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है। प्रिं. शर्मा ने कहा कि क्रांति हिंसा का जबकि संक्रांति समरसता का प्रतीक है सारा समाज एक हो ऐसे संकल्प के साथ हमें मिलकर आज के पावन दिन को सार्थक बनाना होगा। नैतिक एवं आध्यात्मिक परिषद् प्रमुख ऊषा शर्मा की देख रेख में आयोजित कार्यक्रम पर श्री आर्य समाज मन्दिर के पंडित परमानंद जी ने हवन यज्ञ की पवित्र अग्नि में अभिभावकों अध्यापकों व विद्यार्थियों से पावन आहुतियों डलवाई। इस अवसर पर श्री परमानन्द जी ने संक्रौंति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मकर संक्रान्ति पर सूर्य की राशि में हुए परिवर्तन को अन्धकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना हमारे लिए सन्देश है कि प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चेतना एवं कार्य शक्ति में वृद्धि होगी जिससे ज्ञान का प्रवाह बढ़ेगा। इसलिए आज के दिन जप, तप, दान, स्नान, श्राद्ध, तर्पण आदि धार्मिक क्रियाकलापों का विशेष महत्व है ।

## खेल कूद गतिविधियां शारीरिक और मानसिक विकास का मूल आधार

***सोनाक्षी लौटी बड़ौदा SGFI से**

**18 से 25 फरवरी 2017**

विद्यार्थी जीवन में खेल-कूद गतिविधियां शारीरिक व मानसिक विकास में अति महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है क्योंकि यह न केवल मनुष्य का शारीरिक विकास करती है अपितु सहनशीलता, सहयोग, लीडरशिप और चेतनता जैसे गुणों का विकास सहज ही कर देती है।इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु विद्या भारती द्वारा समय-समय पर खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। स्कूल फैडरेशन आफ इंडिया के द्वारा का आयोजन गुजरात के बड़ोदा में माँझलपुर में हुआ जिसमे पूरे प्रदेश से (U-17) 1200 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दौड़, जैवलिन, शॉटपुट, हैमरथ्रो, डिस्क्स थ्रो, हाई जम्प जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय की दशम् -ख की बहन सोनाक्षी (U-17) ने 800 मी. और 3000 मी दौड़ में भाग लिया नौवां स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

## मंगल कामना समारोह पर हवन यज्ञ

*** ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए की प्रार्थना**

**3 मार्च 2017**

शिक्षा हमारे उज्ज्वल भविष्य की महत्वपूर्ण सीढ़ी है जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक गुणों का समावेश करती है। इसी उपलक्ष्य में ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए मंगल कामना समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का आगाज़ करते हुए प्रिं. जे.आर. सोनी ने कहा कि आप सभी भाग्यशाली हैं जिन्होंने अपनी शिक्षा का एक पढ़ाव ऐसे विद्यालय से पूर्ण किया है जहाँ भारतीय संस्कृति के साथ-साथ संस्कारक्षम शिक्षा दी जाती है। प्रिं. देशराज शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सकारात्मक सोच रखने वाले विद्यार्थी ही जीवन की ऊंचाईयों को छूते है। प्रिं. शर्मा ने कहा कि अहंकार व कुण्ठा व्यक्ति के सबसे बड़े अवगुण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सीखने की प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती सीखने की जिज्ञासा ही हमें अपनी मंजिल तक पहुंचाती है। कार्यक्रम दौरान बेस्ट छात्र-छात्रा का खिताब अनन्य, पुनीत, प्रिया व नीतिका के नाम रहा। स्कूल के छात्र हनी ने 'हम रहें न रहें कल याद आएंगे वे पल' गीत से सभी की आँखें नम कर दी। छात्रा शवनम ने अपनी स्कूल की यादों को ताजा करते हुए कहा कि सभी अध्यापकों ने हमें बड़ी लग्न व मेहनत से पढ़ाया तथा समय-समय पर हमारा उचित मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम से पहले हवन यज्ञ करवाया गया जिसमें बारहवीं के विद्यार्थियों ने पावन आहुतियाँ डाल कर अपने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गिद्दे ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबन्ध समिति सदस्यों में श्री महेश चोपड़ा, एच.सी. कंवर, डॉ. आई.के. शर्मा, श्री दलजीत सिंह (जीतू) व समूह अध्यापक उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्र परीक्षा

*** अनामिका, अर्षदीप, अनन्य व मुनीश ने प्राप्त की छात्रवृति**

**24 दिसम्बर 2016**

धार्मिक संस्थान भी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम् भूमिका निभाते हैं। इसी उपलक्ष्य में प्राचीन शिव मन्दिर प्रबन्ध सभा (रजि०), काठगढ़ (हि.प्र.) की ओर से हर वर्ष मेधावी छात्र परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसमें कक्षा पांचवीं, दसवीं तथा बारहवीं के विद्यार्थी अपनी प्रतिभागिता दे सकते हैं। इस वर्ष परीक्षा में विद्यालय से पांचवीं के 10, दसवीं के 29 तथा बारहवीं कक्षा के 11 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परिणाम स्वरूप कक्षा पांचवीं की अनामिका, दसवीं के अर्षदीप तथा बारहवीं के अनन्य शर्मा तथा मुनीष शर्मा ने जहाँ छात्रवृत्ति प्राप्त कर मेरिट में अपना स्थान बनाए रखा वहीं अपने माता-पिता तथा विद्यालय की गरिमा को भी बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से इन्हें हार्दिक बधाई।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ भारती ने करवाई विचार गोष्ठी

*** महिलाओं के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र सशक्त होगा-प्रिं. शर्मा**

**8 मार्च 2017**

महिला दिवस मनाने का अर्थ केवल महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं बल्कि समूह समाज के चिंतन से है उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी के दौरान प्रिं सुरेश कुमारी ने व्यक्त किए। 'सशक्त महिला सशक्त परिवार' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में महिलाओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार को समृद्ध बनाने में नारी की सबसे बड़ी भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि संतुलित समाज के निर्माण के लिए स्त्री व पुरुष दोनों का योगदान है। इसलिए दोनों को ही अपने नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक होना होगा, तभी राष्ट्र का विकास सम्भव है। मातृ भारती की संयोजिका श्रीमती अंजू शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्त्री की पहचान उसके ज्ञान, प्रेम, संयम, वीरता धैर्य आदि गुणों से की जाती है। उन्होंने कहा कि औरत को अपने नैतिक कर्त्तव्यों का पालन करते हुए अपने को ऐसा बनाना होगा कि उसे अधिकारों के लिए संघर्ष न करना पड़े। मातृ भारती की सचिव वन्दना ने स्वास्थ्य के प्रति टिप्स देते हुए कहा कि स्वस्थ नारी ही स्वस्थ परिवार की जननी है। इसलिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। नगर पंचायत काउंसलर नरेश कुमारी ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि महिलाओं को समाज में अपनी पहचान बनानी होगी तभी समाज में फैली कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। प्रिं. देशराज शर्मा ने गोष्ठी में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुदरत ने स्त्री व पुरुष को सृष्टि के अनुरूप बनाया है इसलिए आवश्यकता सामाजिक समानता की नहीं बल्कि दोनों की समाज में अहम भूमिका को जान कर सम्मान देने की है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारतीय महिलाओं ने अपनी बहादुरी व शौर्य का परचम पूरे विश्व में फहराया है। प्रि. शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र सशक्त होगा। कार्यक्रम दौरान जहाँ श्रीमती रेणुबाला ने अपने गीत 'कोमल है कमजोर नहीं शक्ति का नाम ही नारी है' से नारी की शक्ति का गुणगान किया वहीं अध्यापिका सरिता ने अपनी कविता 'आओ नी सइयो सूरज बन जाइए' प्रस्तुत की। अध्यापिका ऊषा शर्मा ने 'ये होंसले कैसे झुके, ये आरजू कैसे रुके' गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हाजीपुर से अध्यापिका इंदु कुमारी ने कहा कि महिलाएं अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करके ही समाज में परिवर्तन ला सकती हैं। मंच का संचालन मातृभारती से सरिता कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मातृभारती अध्यक्षा रजनी द्वारा आए सभी मेहमानों का धन्यवाद किया ।

## National Science Olympiad

*** Divyansh & Ranvir Stand First & Third Simultaneously at Zone**

*** Ananya got Medal of Excellency**

**15 Feb. 2017**

Real learning comes about when the competitive spirit has ceased. Competitions provides motivation to achieve a goal; to demonstrate determination, creatvity and perseverance to overcome challenges; and to understand that hard work and commitment leads to a greater chance of success. These views are expressed by Sh. Vijay Kumar Nadda, Sangathan Mantri of Sarvihitkari Shiksha Samiti while rewarding the winner students of National Science Olympiad. By congratulating the staff and students. Principal D.R. Sharma said that there is no limit and age barrier to learn but students can easily attain their goal by continuous hard work and practice. And far that they need the tools of concentration, self evaluation writing and understanding skills. Mrs. Kamaldeep kaur, convener of competitive council told that there were 127 students who participated in National Science Olympiad. Those results are given below :-

Divansh (I-B) First in zone (Cash Prize Rs. 1000/-), Ranbir (I-B) Third in zone (Cash Prize Rs. 250), Angel(I-B), Gauri Nath (III-A), Ayush Rana (VII-B), Sumit Kumar Tomar (VIII-B), Ankit Chaudhary (IX-B), Tanu (X-B), Raghav Sharma (XI-Sci.) Sahil Thakur (XII-Sci.) won Gold Medal. Inayat, Bikramjeet, Simran, Naima, Divanshu, Tanish, Swasti, Arush (ClassII) won Gold Medal. Sarthak Sharma (I-A), Arshdeep Singh (VII-A), Bharti Sharma (I-A, Karamjit Singh (XI-Sci.),Ankit Kumar (XII-Sci.) won Silver Medal and Sanchit (I-B), Akshit Thakur (VII-A), Jatin Sharma (IX-A), Mansi Thakur (XI-Sci.) Raman Kumar (XII-Sci.) won Bronze Medal. Ananya Sharma (XII-Sci.) awarded with the

## Poster Making Competition

*** 366 Students Participated**

18th Jan. 2017

To develop creative attitude among students, under the guidelines of Ministry of HRD a Poster Making Competition was organised by the Competitive Council of the school. 366 students, from class 6th to 10th participated in this endeavour. The whole number of students were divided into two group along their different themes/topics. The topics were divided in following groups:

Swachh Bharat & School of my Dream (6th to 8th) "Ek Bharat Saresht Bharat, Digital India" topics of the 9th & 10th.

## Genius-2016 State level Scholarship Exam

*** Ananya got first rank in Punjab**

12th Jan. 2017

'Competitions brings out the best in products and the worst in people' To encourage the spirit of competitiveness among students through scholarship, a second level of Genius-2016 was organised by Sarvhitkari Shiksha Samiti Punjab at SVM Hoshiarpur. Total 26 students (17of Class 10th & 9 of class +2) of our school participated in this examination. The result are given below:

Ananya Sharma +2 Sci. got first position in Punjab, Sahil Jaswal & Munish got fourth & Sixth position respectively. From Commerce stream Sonali, Arshdeep, Saurav Sharma, Shruti and Puneet ranked as 10th, 28th, 29th, 30th and 31st respectively. Seven students of class 10th Saru, Tanvi, Simran, Akash, Harsh, Ritik Sharma and Abhinav also hold the merit.

## Seminar on National Science Day

**28th Feb. 2017**

The National Science Day was celebrated on 28th Feb. 2017. The aim of this Event was to create a scientific temper as well as logical mentality among the students. There was a lecture of eminent Mrs. Monika Parmar in order to aware the students that how we are connected with science.

On this occasion she said that the science has been effective to come out from the bad customs in our society. Advancement in technology has created a change in our society. More over advancement in technology has been effective in medical science. At last she said that there is science in each and every thing in cooking as well as in our daily life. At last Principal Desh Raj Sharma motivated all the students by saying that we should have to apply Science in our daily life and we should know its applications.

## TEACHER'S EXCURSION

27th to 31st March 2017

It has been said that our world is like a book, and travel is the way we read its' tales and that those who don't travel read only one of its many pages. To avail the opportunity to read nature, School staff decided to organise, like previous years, an educative excursion to the Nainital, National Corbett Park and Haridwar, which is situated in the state of Uttrakhand which offer Limitless opportunities for tourism and adventure.

## SOF International Mathematics Olympiad

*** 109 Students Participated**

*** 4 Students qualified second level**

*** 7 Students got Gold Medal**

*** 1 Student got medal of Excellenve**

14th Nov. 2017

To asess students understanding of fundamental concepts of mathematics skill, an Olympiad of mathematics and logical reasoning was conducted by the competitive Exam Council in the guidance & directions of Smt. Kamaldeep Kaur. 109 students from class I to XII participated in it. Out of 109 students, 20 students won Gold, Silver & Bronze medals and 4 students were qualified for second level.

* Aashita (I) got medal of excellence and ranked 20 in North Zone.
* Ritish (I), Nishta Singh (III), Ankit Chaudhary (IX), Aastha Dadwal (X), got Gold Medal.
* Prince Chaudhary (I), Diksha(III), Kartik Chaudhary (IV), Sagar (V), Payal(VII)and Janvi Sachdeva (IX) got Silver Medal.
* Manvi (I), Akriti (III), Ritesh(IV), Rashika Thakur (V), Ayush Rana (VII) and Priyanshu (IX) got Bronze Medal.
* Nishta Singh (III), Keshav (IV), Palak Thakur (VII), Ankit Chaudhary (IX) qualified first level and gave second level examination on 12th January at Hoshiarpur.

## National Child Health Mission Deworming Day

15-20 February 2017

Red Cross Council of Vidya Mandir distributed tablets 'Albendazole' among all the students as per the direction of Punjab Govt. National Child Mission on dewormed day. JRC. Council convener Smt. Anju Sharma motivated the students to take care of their own health by taking balanced diet and hygiene habits to ensure the bright future of Nation.

## Teri Green Olympiad

*** 131 Students Participated**

30th Aug. 2016

The Green Olympiad is an objective examination on environment initiated by 'The Energy and Resource Institute' that to test the students knowledge, application and analytical skills; and simultaneously spread awareness through informative questions. 131 students participated in olympiad in school auditorium under the guidance of Mrs. Kamaldeep Kaur convener of competitive council. Result is as follows :

* Manish of class VIII got 82 marks and got Medal of Distinction.
* Abinav, Palak, Sumit of class VIII got abovw 70 mark, and got of Certificate of Merit.

Printed at : Bandana Printers, Talwara Phone 238769